उप-तहसील नरि्झरना एवं बांदीकुई तहसील में क्रमोन्नत, नवीन उप-तहसील आभानेरी का भी सृजन

चर्चा में क्यों?

5 जून, 2022 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दौसा ज़िले की नरि्झरना एवं बांदीकुई उप-तहसील को तहसील में क्रमोन्नत करने तथा आभानेरी को नवीन उप-तहसील बनाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने वर्ष 2022-23 के बजट में प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण की दृष्टि से प्रदेश में प्रशासनिक इकाइयों के विस्तार संबंधी घोषणा की थी। मुख्यमंत्री ने नियमों में शिथिलता देते हुए यह स्वीकृति प्रदान की है।
- मुख्यमंत्री के इस निर्णय से लोगों को स्थानीय स्तर पर ही राजस्व कार्यों के निस्तारण में सुगमता होगी।
- क्रमोन्नत तहसील नरि्झरना में 3 भू-अभिलेख नरीक्षक वृत्त तथा 10 पटवार मंडल व 43 राजस्व ग्राम तथा बांदीकुई में 8 भू-अभिलेख नरीक्षक वृत्त, 26 पटवार मंडल व 123 राजस्व ग्राम शामिल होंगे। साथ ही, नवीन उप-तहसील आभानेरी में 2 भू-अभिलेख नरीक्षक वृत्त, 6 पटवार मंडल तथा 23 राजस्व ग्राम शामिल होना प्रस्तावित है।
- गौरतलब है कि एक दिन पहले 4 जून को मुख्यमंत्री ने भरतपुर ज़िले के जालूकी, खरैरी, गोपालगढ़ तथा खोह को नवीन उप-तहसील बनाने के प्रस्ताव को भी मंज़ूरी दी थी।
- नवीन उप-तहसील जालूकी में 2 भू-अभिलेख नरीक्षक वृत्त, 8 पटवार मंडल तथा 29 राजस्व ग्राम और नवीन उप-तहसील खरैरी में 3 भू-अभिलेख नरीक्षक वृत्त, 12 पटवार मंडल तथा 50 राजस्व ग्राम शामिल होना प्रस्तावित है।
- इसी प्रकार नवीन उप-तहसील गोपालगढ़ में 4 भू-अभिलेख नरीक्षक वृत्त, 15 पटवार मंडल तथा 60 राजस्व ग्राम एवं नवीन उप-तहसील खोह में 5 भू-अभिलेख नरीक्षक वृत्त, 15 पटवार मंडल तथा 41 राजस्व ग्राम शामिल होना प्रस्तावित है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/creation-of-new-sub-tehsil-abhaneri,-respectively-in-sub-tehsil-nirjharna-and-bandikui-tehsils